INDIAN SCHOOL SOHAR **Set 1**

PERIODIC TEST-1 (2017-18) **No. of printed pages-2**

विषयः हिंदी (पाठ्यक्रम - ब)

दिनांक : **18 -5-2017** पूर्णांक : 20

कक्षा : **IX** समय :40 मिनट

निर्देश : 1 इस प्रश्न-पत्र में कुल 9 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न 1- अपठित गद्यांश

आज कुछ छात्र अपने पैरों पर खुद ही कुल्हाड़ी मार रहे हैं। अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का संबंध उन छात्रों से है, जो अपना समय, अपने माता-पिता का पैसा और ज्ञान प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर खो रहे हैं। ऐसे छात्र जो समय, धन और मौका तीनों चीज़ों से हाथ धो रहे हैं, जीवन में दुखी होने का ही प्रबंध कर रहे हैं, क्योंकि इन तीनों चीज़ों का सदुपयोग ही मनुष्य को सुख प्रदान करता है। ऐसे छात्र पढ़ाई को बोझ मान बैठते हैं। जिसका असल कारण है - पढ़ाई के प्रति अरुचि पैदा होना तथा अन्य भौतिक चीज़ों, पदार्थों या किसी प्राणी के प्रति अत्यधिक रुचि उत्पन्न होना। जब आप किसी कार्य को शौक और पूरी लगन से करना प्रारंभ करते हैं तब उसमें आपको छोटी या बड़ी सफलता अवश्य मिलती है और जब सफलता मिलनी आरंभ होती है तब रुचि बढ़ने लगती है। इसके अलावा जब हम किसी कार्य को अनमने भाव से करते है तब हमें असफलता का ही सामना करना पड़ता है जिससे अरुचि उत्पन्न होती है। प्रत्येक छात्र से यह उम्मीद की जाती है कि वह अपने तन, मन और बुद्धि को सुदृढ़ बनाए और इसके लिए आवश्यक है कि उसकी अध्ययन तथा खेल दोनों में ही रुचि हो। इससे छात्र जीवन में स्वर्णिम अवसर और सम्मान प्राप्त कर सकेंगे।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) कुछ छात्र अपने पैरों पर खुद ही कुल्हाड़ी मार रहे हैं। इस कथन का संबंध किन छात्रों से है? (1)

(ख) पढ़ाई को बोझ मानने का वास्तविक कारण क्या है? (1)

(ग) कार्य में रुचि किस प्रकार बढ़ती है? (1)

(घ) 'सम्' उपसर्ग से युक्त दो शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए। (1)

प्रश्न 2 - (क) वर्ण-विच्छेद कीजिए - वर्जित (1)

(ख) वर्ण- संधि कीजिए - श् + र् + ए + ष् + ठ् + अ

प्रश्न 3 - निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करके शब्द को पुन: लिखिए। (1)

अङ्क, सयम

प्रश्न 4 - निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके शब्द को पुन: लिखिए। (1)

पूजी, आचल

प्रश्न 5 - निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता का प्रयोग करके शब्द को पुन: लिखिए। (1)

मजदूर, फिक्र

प्रश्न 6 - कवि ने दूसरे पद में अपने आराध्य देव को किन-किन नामों से पुकारा है? कवि के आराध्य देव की कोई एक विशेषता बताइए। (3)

प्रश्न 7 - पशुओं में भावनाएँ होती हैं और वे समझदार होते हैं। 'गिल्लू' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (3)

प्रश्न 8 - 'धूल' पाठ में लेखक ने धूल के महत्व के बारे में क्या-क्या बताया है? किन्हीं तीन बातों पर प्रकाश डालिए। (3)

प्रश्न 9 - शहर की स्वच्छता के बारे में दो मित्रों के बीच हुए वार्तालाप को संवाद के रूप में लिखिए। (3)

---oOo---

INDIAN SCHOOL SOHAR **Set 2**

PERIODIC TEST-1 (2017-18) **No. of printed pages-2**

विषयः हिंदी (पाठ्यक्रम - ब)

दिनांक : **18 -5-2017** पूर्णांक : **20**

कक्षा : **IX** समय :40 मिनट

निर्देश : **1** इस प्रश्न-पत्र में कुल 9 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न 1- अपठित गद्यांश

मनुष्य नाशवान प्राणी है। वह जन्म लेने के बाद मरता अवश्य है। अन्य लोगों की भाँति महापुरुष भी नाशवान हैं। वे भी समय आने पर प्राण त्याग देते हैं, पर वे मरकर भी अमर हो जाते हैं। वे जीवन में अच्छे कार्य करते हैं इसलिए अन्य लोगों द्वारा याद किए जाते हैं। उनके ये कार्य चिरस्थायी होते हैं। उनके कार्यों के पीछे जो उच्च आदर्श होते हैं और सदैव याद रखे जाते हैं। इनमें उदारता, सहनशीलता, महानता, धैर्य जैसे गुण होते हैं। इनमें परोपकार की भावना होती है इसलिए वे अपना सर्वस्व त्याग देते हैं। संसार में अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया है। उनमें से एक गांधी जी हैं जिन्होंने संपूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा, शांति और प्रेम की अजेय शक्ति के दर्शन कराए और इन्हीं के बल पर देश को स्वतंत्र करवाया। वे सत्य और अहिंसा पुजारी थे। वे सभी धर्मों का सम्मान करते थे। वे परिश्रमी और स्वावलंबी थे। वे कुशल राजनीतिज्ञ और महान संत थे। आज वे अमर हैं और सबके आदर्श हैं।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) महापुरुष अमर क्यों हो जाते हैं? (1)

(ख) गांधीजी की विशेषताएँ बताइए। (1)

(ग) गद्यांश में मनुष्य के बारे में क्या कहा गया है? (1)

(घ) 'अ' उपसर्ग से युक्त दो शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए। (1)

प्रश्न 2 - (क) वर्ण-विच्छेद कीजिए - क्षुद्र (1)

(ख)वर्ण- संधि कीजिए - आ + ह् + आ + र् + य् + अ

प्रश्न 3 - निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करके शब्द को पुन: लिखिए। (1)

ठण्डक, अखड

प्रश्न 4 - निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके शब्द को पुन: लिखिए। (1)

साझ, हसमुख

प्रश्न 5 - निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता का प्रयोग करके शब्द को पुन: लिखिए। **(1)**

बगावत, जिम्मेदारी

प्रश्न 6 - धूल के प्रति नगरीय सभ्यता के क्या विचार हैं ? **(3)**

प्रश्न 7 - 'गिल्लू' पाठ के माध्यम से लेखिका ने कौन-से जीवन मूल्यों से प्रेरित किया है? **(3)**

प्रश्न 8 - दूसरे पद में कवि रैदास ने अपने आराध्य देव की क्या-क्या विशेषताएँ बताई हैं? **(3)**

प्रश्न 9 – प्रात:काल व्यायाम से होने वाले लाभों पर दो मित्रों के बीच हुई चर्चा को संवाद के रूप में लिखिए। **(3)**

---oOo---